कोल्हान विश्वविद्यालय

हिंदी विभाग, स्नातक, हिंदी प्रतिष्ठा, 2019 Sem - 5

पत्र - Elective /DSE-2 / विशेष पत्र

परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में उत्तर दें| सभी प्रश्नों उत्तर निर्देशानुसार दें|

अवधि 3 घंटे कुल अंक 70

**खंड 'क'**

प्र० 1 निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनकर लिखें| 2x10= 20

क) तुलसीकृत कृष्णकाव्य कौन सा है?

1) कृष्णायण
2) कृष्णचंद्रिका
3) कृष्णचरित
4) कृष्ण गीतावली

ख) तुलसीदास की अंतिम रचना कौन सी है?

1) विनयपत्रिका
2) दोहावली
3) कवितावली
4) हनुमानबाहुक

ग) तुलसीदास की रचना 'कवितावली' किस भाषा में रचित है?

1) ब्रजभाषा
2) अवधी
3) बुंदेली
4) मैथिली

घ) तुलसीदास की किस रचना का सम्बन्ध ज्योतिष से है?

1) हनुमानबाहुक
2) रामाज्ञाप्रश्न

3) रामलला नहछू

4) जानकी मंगल

ङ) तुलसीदास के बचपन का नाम क्या है ?

1) भोला

2) रामबोला

3) रामदास

4) भोलाराम

च) तुलसीदास के आध्यात्मिक गुरु कौन थे?

1) नरहर्यानन्द

2) रामानुजाचार्य

3) शंकराचार्य

4) विवेकानंद

छ) इनमे से कौन सा ग्रन्थ तुलसी कृत नहीं है?

1) गीतावली

2) रामचंद्रिका

3) विनयपत्रिका

4) दोहावली

ज) 'बनिक को न बनिज, न चाकर को चाकरी' पंक्ति किस रचना से सम्बंधित है?

1) विनयपत्रिका

2) दोहावली

3) कवितावली

4) हनुमानबाहुक

झ) तुलसीदास की रचनाओं का सही कालक्रम बताइए |

1) गीतावली, विनयपत्रिका, दोहावली, रामचरित मानस,

2) विनयपत्रिका, गीतावली, दोहावली, रामचरित मानस,

3) रामचरित मानस, दोहावली, गीतावली, विनयपत्रिका,

4) गीतावली, दोहावली, विनयपत्रिका, रामचरित मानस,

यं) तुलसीदास की प्रथम रचना है?

1) वैराग्य संदीपनी

2) रामचरितमानस,
3) विनयपत्रिका,
4) रामाज्ञा प्रश्नावली

प्रश्न 2 निम्नलिखित में से किन्ही दो के संक्षिप्त उत्तर दें|      5x2=10

क) तुलसीदास के काव्यगत विशेषताओं का परिचय संक्षेप में लिखें|
ख) तुलसीदास द्वारा विनयपत्रिका में अभिव्यक्त भक्ति की विशेषताओं का उल्लेख करे|
ग)  कवितावली का मूल प्रतिपाद्य लिखे|
घ) गीतावली संक्षिप्त परिचय लिखें|

प्रश्न 3 निम्नलिखित में से किन्ही दो की सप्रसंग व्याख्या करें|   5x2=10

क) बावरो रावरो नाह भवानी।
  दानि बडो दिन दये बिनु, बेद-बड़ाई भानी।1।
  निज घरकी बरबात बिलाकहु, हौ तुम परम सयानी।
 सिवकी दई संपदा देखत, श्री-सारदा सिहानी।।
ख) सो जननी,सो पिता, सोइ भाइ, सोभामिनि,सो सुतु ,सुतुसो हित मेरो।
 सोइ सगो, सो सखा,सोइ सेवकु , सो गुरु , सो सुरु ,साहेबु चेरो॥
 सो 'तुलसी ' प्रिय प्रान समान, कहाँलौं बनाइ कहौं बहुतेरो।
 जो तजि देहको , गेहको नेहु , सनेहसो रामको होइ सबेरो॥
ग) चाकरी न आकरी, न खेती , न बनिज-भीख, जानत न कूर कछु किसब कबारु है।
 तुलसीकी बाजी राखि रामहीकें नाम, न तु भेंट पितरन को न मूढ़हू में बारु है|
घ) पगनि कब चलिहौ चारौ भैया ?
 प्रेम-पुलकि, उर लाइ सुवन सब, कहति सुमित्रा मैया ||
 सुन्दर तनु सिसु-बसन-बिभुषन नखसिख निरखि निकैया |
 दलि तृन, प्रान निछावरि करि करि लैहैं मातु बलैया ||

प्रश्न 4 निम्नलिखित में से किन्ही दो के उत्तर अपने शब्दों में दें| 15x2= 30

क) तुलसीदास के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को अपने शब्दों में लिखें|
ख) कवितावली का प्रतिपाद्य अपने शब्दों में लिखे|
ग) तुलसीदास की भक्तिभावना एवं दर्शन पर अपने विचार प्रकट करें|

घ) तुलसीदास की समन्वय एवं लोकमंगल की भावना को उदाहरण सहित लिखें|

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर- 4,4,1,2,2,1,2,3,3,1

**खंड 'ख'**

प्र० 1 निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनकर लिखें| 2x10= 20

क) इनमे से कौन सी रचना मैथिलीशरण गुप्त की है?

1) उर्वशी
2) यशोधरा
3) आंसू
5) यामा

ख) 'अनघ' नाटक किसकी रचना है?

1) मैथिलीशरण गुप्त
2) दिनकर
3) जयशंकर प्रसाद
4) माखनलाल चतुर्वेदी

ग) रामधारी सिंह दिनकर का जन्म कब हुआ था?

1) 23 अक्तुबर 1920
2) 23 सितम्बर 1908
3) 11 जून 1911
4) 04 अप्रैल 1889

घ) इनमे से कौन सी रचना दिनकर की नही है?

1) उर्वशी
2) हुंकार
3) रश्मिरथी

4) साकेत

ङ) रामधारी सिंह दिनकर को साहित्य अकादमी पुरस्कार उनकी किस रचना पर मिला?

1) हुंकार
2) रश्मिरथी
3) संस्कृति के चार अध्याय
4) उर्वशी

च) माखनलाल चतुर्वेदी का जन्म कहाँ हुआ था?

1) सिमरिया
2) बाबई
3) लखनऊ
4) बनारस

छ) माखनलाल चतुर्वेदी ने किस पत्रिका का संपादन किया था?

1) प्रताप
2) वसुधा
3) सरस्वती
4) हंस

ज) 'हिमकिरीटीनी' किसकी रचना है?

1) दिनकर
2) नागार्जुन
3) माखनलाल चतुर्वेदी
4) भारतेंदु

झ) माखनलाल चतुर्वेदी को पद्मभूषण किस वर्ष मिला?

1) 1960
2) 1963
3) 1950
4) 1969

यं) जन्मकाल की दृष्टि से सही अनुक्रम बताएं

1) माखनलाल चतुर्वेदी, रामधारी सिंह दिनकर, मैथिलीशरण गुप्त
2) रामधारी सिंह दिनकर, मैथिलीशरण गुप्त, माखनलाल चतुर्वेदी,

3) मैथिलीशरण गुप्त, रामधारी सिंह दिनकर, माखनलाल चतुर्वेदी,
4) मैथिलीशरण गुप्त, माखनलाल चतुर्वेदी, रामधारी सिंह दिनकर

प्रश्न 2 निम्नलिखित में से किन्ही दो के संक्षिप्त उत्तर दें|     5x2=10

ङ)  मैथिलीशरण गुप्त के काव्यगत विशेषताओं का परिचय संक्षेप में लिखें|

च) माखनलाल चतुर्वेदी द्वारा अभिव्यक्त राष्ट्रप्रेम की विशेषताओं का उल्लेख करे|

छ) 'किसको नमन करूँ' कविता का मूल प्रतिपाद्य लिखे|

ज)  कविता का संक्षिप्त परिचय लिखें|

प्रश्न 3 निम्नलिखित में से किन्ही दो की सप्रसंग व्याख्या करें|  5x2=10

क) काली तू, रजनी भी काली,
शासन की करनी भी काली
काली लहर कल्पना काली,
मेरी काल कोठरी काली,
टोपी काली कमली काली,
मेरी लौह-श्रृंखला काली,
पहरे की हुंकृति की व्याली,
तिस पर है गाली, ऐ आली!

ख) नीलांबर परिधान हरित तट पर सुन्दर है।
सूर्य-चन्द्र युग मुकुट, मेखला रत्नाकर है॥
नदियाँ प्रेम प्रवाह, फूल तारे मंडन हैं।
बंदीजन खग-वृन्द, शेषफन सिंहासन है॥
करते अभिषेक पयोद हैं, बलिहारी इस वेष की।
हे मातृभूमि! तू सत्य ही, सगुण मूर्ति सर्वेश की॥

ग) मेरे नगपति! मेरे विशाल!
साकार, दिव्य, गौरव विराट्,
पौरूष के पुन्जीभूत ज्वाल!
मेरी जननी के हिम-किरीट!
मेरे भारत के दिव्य भाल!

घ) चाह नहीं, मैं सुरबाला के
गहनों में गूँथा जाऊँ,
चाह नहीं प्रेमी-माला में बिंध
प्यारी को ललचाऊँ,
चाह नहीं सम्राटों के शव पर
हे हरि डाला जाऊँ,

प्रश्न 4 निम्नलिखित में से किन्ही दो के उत्तर अपने शब्दों में दें| 15x2= 30

क) मैथिलीशरण गुप्त के व्यक्तित्व एवं कृतित्व को अपने शब्दों में लिखें|
ख) माखनलाल चतुर्वेदी के साहित्यिक योगदानों को अपने शब्दों में लिखे|
ग) 'मातृभूमि', 'कैदी और कोकिला', 'किसको नमन करूँ' में से किसी एक कविता का सारांश अपने शब्दों में लिखे|
घ) 'हिंदी साहित्य में राष्ट्रीयता बोध की कविताओं में 'रामधारी सिंह दिनकर का स्थान' पर अपने तर्कसंगत विचार लिखे|

वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर-2,1,2,4,3,2,1,3,2,4

BY- सफीउल्लाह अंसारी, करीम सिटी कॉलेज, जमशेदपुर|